# RAF SECTOR
# NEWS CLIP
11/11/18

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Jagran (Rewa,MP)**

# सीआरपीएफ और आबकारी टीम की दबिश, नष्ट की कच्ची शराब

## 200 लीटर कच्ची शराब, 800 लीटर महुआ लहान बरामद, 5 आरोपी गिरफ्तार

### चुनाव के लिए घर में तैयार की जा रही थी शराब



**जागरण, रीवा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एक ओर जहां प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में जुटा हुआ है तो वहीं अवैध कारोबारी भी चुनाव की तैयारी में जुटे हैं। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिये तैयार किए जा रहे शराब के कारखाने में सीआपीएफ बल के साथ आबकारी अमले ने दबिश देते हुये भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ महुआ लहान जब्त किया है। मौके से पुलिस ने 5 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को पूर्व मंत्री रमाकांत तिवारी के चाकघाट स्थित मोहल्ले में की गई।

सहायक आबकारी आयुक्त केएस मैकाले के निर्देशानुसार उपलम्बन प्रभारी एनके मिश्रा के नेतृत्व में चाकघाट के मलहती टोला में आबकारी टीम एवं सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने दबिश देते हुये एक घर में बड़ी मात्रा में शराब की खेप जब्त की है। इस दौरान पाया गया कि घर में शराब बनाने का काम किया जा रहा था। कार्रवाई में 200 लीटर हथभट्टी कच्ची शराब एवं लगभग 8 हजार किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया है। वहीं मौके पर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि घटना स्थल से 5 आरोपी फरार हो गए। टीम ने महुआ लाहन को मौके पर नष्ट कर दिया है। कार्रवाई के दौरान टीम का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट रवि मिश्रा ने किया। वहीं आबकारी टीम के एनके मिश्रा, वीके चौधरी, इंसपेक्टर सर्वेश्वर सिंह, उपनिरीक्षक अभिमन्यु पाठक, उपनिरीक्षक गोविन्द साहू, उपनिरीक्षक दिनकर सिंह, आरक्षक रामसागर मांझी, बृजकिशोर वर्मा ,वीरेंद्र सिंह परिहार, आरक्षक सतीश चंद्र तिवारी, आरक्षक विद्या सिंह, प्रदीप सिंह चौहान, उमाकांत तिवारी अमित सिंह आदि शामिल रहे।

Dainik Bhaskar (Rewa,MP)

# सीआरपीएफ जवानों के साथ आबकारी टीम की दबिश, पांच गिरफ्तार

## 200 लीटर मदिरा और 8000 किलो महुआ बरामद





नगर संवाददाता। रीवा

शराब के मामले में एक सटीक सूचना मिलने पर सीआरपीएफ जवानों के साथ आबकारी विभाग की टीम ने दबिश दी। चाकघाट के महलती टोला में हुई इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया। भारी बल के साथ पुलिस यहां पहुंची और घरों की तलाशी लेकर शराब और महुआ बरामद किया। वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि यहां पर शराब निर्माण का कार्य होता है। जिस पर पूरी तैयारी के साथ दबिश दी गई। टीम ने यहां पहुंचकर जब तलाशी ली तो भारी मात्रा में हाथ भट्ठी और कच्ची मदिरा और महुआ लाहन बरामद किया। जानकारी के अनुसार पांच आरोपी पकड़े गए हैं, जबकि पांच आरोपी फरार हो गए। इस कार्यवाही के दौरान 200 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची मदिरा और 8000 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार यहां मिले महुआ लाहन को नष्ट करा दिया गया है। इस पूरी कार्यवाही की फोटोग्राफी भी कराई गई है। सहायक आबकारी आयुक्त केएस मैकाले ने बताया कि इस कार्यवाही का नेतृत्व डिप्टी कमाडेंड रवि मिश्रा द्वारा किया गया।

Patrika (Rewa,MP)

**आबकारी विभाग ने की कार्रवाई : चाकघाट के मल्लहटी टोला चल रही थी भट्टी**


# शराब भट्टी में रेड, महिला सहित पांच गिफ्तार

## 200 लीटर कच्ची शराब, 8000 क्विंटल महुआ लहान जब्त

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रीवा. प्रदेश की सीमा में चल रही अवैध शराब की फैक्ट्री में आबकारी विभाग ने शुक्रवार की शाम छापा मारा। चाकघाट के मल्लहटी टोला में चल रही कच्ची शराब की भट्टी से 200 लीटर कच्ची शराब एवं 8 क्विंटल महुआ लाहन जब्त किया है। इस भट्टी में दो महिला सहित पांच आरोपियों को आबकारी विभाग ने गिरफ्तार किया है। वहीं पांच आरोपी भागने में सफल रहे। इनकी तलाश में आबकारी टीम जुटी है। इस छापेमार कार्रवाई में आबकारी विभाग ने सीआरपीएफ के जवानों की मदद ली है।

आबकारी विभाग को चाकघाट में मल्लहटी टोला में बड़ीं मात्रा कच्ची शराब बनाने की जानकारी मिली थी। इस पर आबकारी विभाग ने टीम बनाकर छापा मारा है। आबकारी विभाग के साथ सीआरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शराब भट्टी में काम कर रहे चंदन मांझी पिता रामनरेश, सवित्री पत्नी रमेश मांझी, घनश्याम पिता लालता बसोर, सुनीता मांझी पत्नी दिनेश मांझी एवं बुलेट मांझी पिता धर्मेन्द्र को मौके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं शेष आरोपी भागने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपियों की निशादेही पर आबकारी पुलिस इनकी तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से यह परिवार कच्ची शराब के कारोबार में लगा हुआ है। इस कार्रवाई में एडीओ एनके मिश्रा, व्हीके चौधरी, निरीक्षक सर्वेश्वर सिंह, उपनिरीक्षण अभिमन्यु पाठक, गोविंद साहू, दिनकर सिंह उपस्थित रहे।



कच्ची शराब फैक्ट्री में शराब और महुआ।

## आबकारी ने मांगी सीआरपीएफ

विधान सभा चुनाव को लेकर आबकारी विभाग अवैध शराब का कारोबार रोकने अभियान चला रहा है। इस दौरान कार्रवाई में आबकारी टीम में हमला होने के बाद अब सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ जवानो की टीम मांगी है। बताया जा रहा है पुलिस के साथ कार्रवाई करने के दौरान अक्सर सूचना लीक होने से आरोपी भागने में सफल हो जाते थे।

Rajasthan Patrika (Jaipur,Raj.)

# पुलिस-आरएएफ का रूट मार्च



**जयपुर.** विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था के लिए शुक्रवार को राजधानी में पुलिस व आरएएफ के जवानों ने कई जगह रूट मार्च किया। श्यामनगर पुलिस ने निर्माणनगर और आसपास व करधनी पुलिस ने खोरा बीसल तथा आसपास के क्षेत्र में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के कमांडो के साथ रूट मार्च किया।

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।